महत्वपूर्ण / समयबद्ध

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य / निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय / अनुदानित / निजी क्षेत्र की संस्थाएं।

पत्रांकः–प्राशिप / अनु04 / प्रयो0परी0 / 2024 / 5579 **लखनऊःदिनांक–** 21/08/2024

विषयः–बैक पेपर / विशेष बैक पेपर प्रयोगात्मक परीक्षा, जून–2024 में छूटे हुए परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा संपन्न कराये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक सूच्य है कि परिषद द्वारा आयोजित सेमेस्टर / वार्षिक परीक्षा / बैक पेपर / विशेष बैक पेपर परीक्षा, जून–2024 की प्रयोगात्मक परीक्षा संपन्न हो चुकी है। बैक पेपर / विशेष बैक पेपर के ऐसे परीक्षार्थी जो अपरिहार्य कारणोंवश प्रयोगात्मक परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सके एवं उनकी प्रयोगात्मक परीक्षा छूट गयी है तो ऐसी स्थिति में अपने जनपद के नोडल प्रधानाचार्य से संपर्क कर संबंधित प्रयोगात्मक परीक्षा संपन्न कराना सुनिश्चित करें।

अपरिहार्य स्थिति अथवा परीक्षक की अनुपलब्धता के दृष्टिगत यदि किसी विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा नोडल संस्था में संपन्न कराने कठिनाई होगी तो संस्था नोडल प्रधानाचार्य द्वारा जनपद के किसी अन्य राजकीय / अनुदानित पालीटेक्निक संस्थान में उक्त विषय की परीक्षा संपादित करायेंगे।

छात्र / छात्राओं के भविष्य के दृष्टिगत अंतिम अवसर प्रदान करते हुए आपको निर्देशित किया जाता है कि यदि आपके संस्था में बैक पेपर / विशेष बैक पेपर परीक्षा के ऐसे परीक्षार्थी जो किसी कारणवश प्रयोगात्मक परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो पाये हैं तो उपरोक्तानुसार नोडल प्रधानाचार्य से संपर्क कर परीक्षार्थियों की पाठ्यक्रमवार सूची प्रत्येक दशा में **दिनांक 24–08–2024** तक नोडल प्रधानाचार्य को हस्तगत कराना सुनिश्चित करें। नोडल प्रधानाचार्य द्वारा ऐसे परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा दिनांक **27–08–2024 तक** संपन्न करा ली जाएगी।

भवदीय,

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

पृ0सं0– प्राशिप / अनु04 / 2024 / प्रयो0परी0 / 5580-82 **तद्‌दिनांक–** 21/08/2024

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 कानपुर।
2. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 पूर्वी क्षेत्र / बुन्देलखण्ड क्षेत्र / मध्य क्षेत्र / पश्चिमी क्षेत्र, मेरठ को इस अनुरोध के साथ कि अपने क्षेत्रान्तर्गत संस्थाओं को उपरोक्त के संबंध में अपने स्तर से निर्देशित करने का कष्ट करें।
3. नोडल प्रधानाचार्य, राजकीय / अनुदानित पालीटेक्निक, संस्थाएं, को इस अनुरोध के साथ कि अपने स्तर से परीक्षक आवंटित करते हुए उपरोक्त परीक्षा दिनांक 27–08–2024 तक संपादित कराने का कष्ट करें।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

E:\back paer spl back paper practical.docx